हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 3 अक्तूबर 2023, समय 1305 (5 मिनट))

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा है कि अंतरिक्ष अनुसंधान में भारत का कद लगातार बढ़ रहा है और अब देश अंतरिक्ष शासक वर्ग के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में इसरो वैज्ञानिकों को सम्मानित करते हुए डॉ सिंह ने कहा कि नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के रहते हुए भी अब इसरो को दुनिया की अग्रणी अंतरिक्ष एजेंसी माना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत को कमजोर मानने वाले अमरीका और रूस जैसे देश अब भारत के साथ साझेदारी करना चाहते हैं।

डॉ सिंह ने कहा कि भारत को देश के समृद्ध पारंपरिक ज्ञान का अतिरिक्त लाभ मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिक्ष अनुसंधान को बढ़ावा देने में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम से पारदर्शिता बढ़ी है और नागरिकों के बीच इसकी लोकप्रियता भी बढ़ी है।

....

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने एशियाई खेलों के 24 पदक विजेताओं को कल नई दिल्ली में सम्मानित किया। इन खिलाड़ियों ने निशानेबाजी, नौकायन, टेनिस और वुशु में पदक प्राप्त किए। इस अवसर पर बोलते हुए श्री ठाकुर ने एशियाई खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एथलीटों, प्रशिक्षकों और सहयोगी कर्मचारियों को भी बधाई दी।

उन्होंने कहा कि पदक विजेताओं की कड़ी मेहनत और प्रयासों ने एक उभरती हुई खेल महाशक्ति के रूप में देश का गौरव बढ़ाया है। श्री ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया वांछित परिणाम ला रहा है क्योंकि खेलों के माध्यम से

आगे आने वाले कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में पदक प्राप्त कर रहे हैं।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण तथा हरियाणा को मादक पदार्थ मुक्त राज्य बनाने के संकल्प, के संदेश को विश्व भर में पहुंचाने के लिए हरियाणा पुलिस का जाबांज उप-निरीक्षक राम लाल शर्मा अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलीमंजारों पर चढ़ाई करने जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने अपने चंडीगढ़ स्थित सरकारी आवास संत कबीर कुटीर से उप-निरीक्षक राम लाल शर्मा को कल राष्ट्रध्वज तिरंगा तथा नशा मुक्त हरियाणा का झंडा देकर रवाना किया और चोटी फतेह करने के लिए राज्य सरकार और प्रदेश के लोगों की ओर से शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि उप-निरीक्षक राम लाल शर्मा अब तक माउंट एवरेस्ट, यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रास, नेपाल की माउंट आईलैंड पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर चुका है और समुद्र में साइकिल चलाने का भी उन्होंने विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

....

आकाशवाणी चंडीगढ़ के समाचार सेवा प्रभाग द्वारा "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के तहत अमृतकाल में शुरू की गई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आज का प्रश्न है:-
पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने "जय जवान जय किसान" का नारा कब दिया था?

प्रश्न एक बार फिर से सुन लें:-

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने "जय जवान जय किसान" का नारा कब दिया था?

अपने उत्तर newsairchd@gmail.com पर तुरंत मेल करें।

कल पूछे गए प्रश्न का उत्तर है:- उदारवादी नेता गोपाल कृष्ण गोखले, साध्य एवं साधन दोनों की पवित्रता में विश्वास रखते थे। इसी विचार से प्रेरित होकर महात्मा गाँधी ने उन्हें अपना गुरु बना लिया।
इस प्रश्न का सही उत्तर देने वाली हमारी विजेता हैं:-
हरियाणा के रोहतक से निष्ठा।

....

जींद जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ किरण सिंह ने बताया कि मेरी माटी - मेरा देश अभियान के तहत कल जिला के सभी 8 खंडों में कार्यक्रम आयोजित किये गए । ग्रामीणों द्वारा एकत्रित की गई मिट्टी को कलशों में डालकर खंड स्तर पर इक्कठ्ठा किया गया।

डा० किरण सिंह ने बताया कि ग्रामीण स्तर के बाद आगामी 13 अक्टूबर तक खंड स्तर पर अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसके तहत सभी गांवों से एकत्रित की गई मिट्टी युक्त अमृत कलश को एक चिन्हित स्थान पर रखा जाएगा तथा मिट्टी को बड़े कलश में डाला जाएगा, इस दौरान सभी खंड़ों में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

....

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकार ने योग को नागरिकों की दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया है। इसलिय प्रदेशभर में योगशालाएं स्थापित करने और 1000 आयुष योग सहायकों की नियुक्ति करने का लक्ष्य तय किया गया है।

मुख्यमंत्री कल पंचकुलामें आयोजित योग एवं आयुष सहायक प्रशिक्षण शिविर को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग को घर घर तक पहुंचाने के लिए अब तक 1000 में से 882 योग सहायकों की नियुक्ति कर दी गई है और पहले चरण में चिनहित की गई 1,121 जगहों में से 718 योगशाला का निर्माण कर लिया गया है और 273 योग व व्यायामशालाओं का निर्माण कार्य

प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिला स्तर पर आयुष विंग स्थापित किये गए हैं जिनमें योग विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई है।

....